भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2699

दिनांक 04 अगस्त, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

ओडिशा में नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना

2699. श्री रमेश चन्द्र माझी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ओडिशा सहित देश में नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए स्थानों की पहचान कर ली है;

(ख) यदि हां, तो नबरंगपुर सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है

(ग) नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिए निर्धारित प्रक्रिया अथवा मानदंड क्या है;

(घ) क्या सरकार का ओडिशा के नबरंगपुर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का विचार है; और

(ड) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)

(क) से (ड): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' हेतु एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) संचालित करता है, जिसमें ऐसे अल्प सेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में निधि साझा की जाती है। इस योजना के तहत तीन चरणों में सभी परिकल्पित157 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है, जिसमें ओडिशा में 07 मेडिकल कॉलेज भी शामिल हैं। इस योजना के तहत अनुमोदित मेडिकल कॉलेजों का राज्य-वार और जिला-वार विवरण **अनुलग्नक** में है।

इसके अलावा, सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉकों की स्थापना द्वारा बहरामपुर, बुरला ओर कटक में 03 गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन के लिए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई)के तहत ओडिशा राज्य को सहायता भी प्रदान की गई है। इसके अलावा, भुवनेश्वर में एम्स की स्थापना भी की गई है।

<u>अनुलग्नक</u>

'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से सम्बद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' संबंधी केंद्रीय प्रायोजित योजना के अंतर्गत अनुमोदित 157 मेडिकल कॉलेजों का राज्य-वार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कॉलेजों की संख्या	जिला
चरण -1 (58)			
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	पोर्ट ब्लेयर
2	अरुणाचल प्रदेश	1	नाहरलगुन
3	असम	4	धुबरी, नागांव, उत्तरी लखीमपुर, दीफू
4	बिहार	3	पूर्णिया, सारण (छपारा), समस्तीपुर
5	छत्तीसगढ़	2	राजनंदगांव, सरगुजा
6	हिमाचल प्रदेश	3	चंबा, हमीरपुर, नाहन (सिरमौर)
7	हरियाणा	1	भिवानी
8	झारखंड	3	दुमका, हजारीबाग, पलामू (डाल्टनगंज)
9	जम्मू और कश्मीर	5	अनंतनाग, बारामूला, राजौरी, डोडा, कठुआ
10	मध्य प्रदेश	7	दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी
11	महाराष्ट्र	1	गोंदिया
12	मेघालय	1	पश्चमी गारो हिल्स (तुरा)
13	मिजोरम	1	फाल्कन
14	नागालैंड	1	नागा अस्पताल (कोहिमा)
15	ओडिशा	5	बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलांगीर, कोरापुट, पुरी
16	पंजाब	1	एसएएस नगर
17	राजस्थान	7	बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू, डूंगरपुर, पाली, सीकर
18	उत्तर प्रदेश	5	बस्ती, फैजाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, बहराइच
19	उत्तराखंड	1	अल्मोड़ा
20	पश्चिम बंगाल	5	बीरभूम (रामपुर हाट), कूचबिहार, डायमंड हार्बर, पुरुलिया, रायगंज (उत्तर दिनाजपुर)
चरण -2 (24)			
1	बिहार	5	सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई
2	झारखंड	2	कोडरमा, चाईबासा (सिंहभूम)
3	मध्य प्रदेश	1	सतना
4	ओडिशा	1	जाजपुर

5	राजस्थान	1	धौलपुर
6	उत्तर प्रदेश	8	एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर (डुमरियागंज), देवरिया, गाजीपुर, मिर्जापुर
7	पश्चिम बंगाल	5	बारासात, उलुबेरिया, आरामबाग, झारग्राम, तामलुक
8	सिक्किम	1	गंगटोक
चरण-III (75)			
1	आंध्र प्रदेश	3	पिदुगुराल्ला, पाडेरू, मछलीपट्टनम
2	असम	1	कोकराझार
3	छत्तीसगढ़	3	कोरबा, महासमुंद, कांकेर
4	गुजरात	5	नर्मदा, नवसारी, पंचमहल, पोरबंदर, मोरबी
5	जम्मू और कश्मीर	2	उधमपुर, हंदवाड़ा (जिला कुपवाड़ा)
6	कर्नाटक	4	चिकमंगलुरु, हावेरी, यादगिरी, चिक्कबल्लापुरा
7	लद्दाख	1	लेह
8	मध्य प्रदेश	6	राजगढ़, मंडला, नीमच, मंदसौर, श्योपुर, सिंगरौली
9	महाराष्ट्र	1	नंदुरबार
10	मणिपुर	1	चुराचांदपुर
11	नागालैंड	1	मोन
12	ओडिशा	1	कालाहांडी
13	पंजाब	2	कपूरथला, होशियारपुर
14	राजस्थान	15	अलवर, बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, करौली, नागौर, श्रीगंगानगर, सिरोही, बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक, हनुमानगढ़, झुंझुनू, दौसा
15	उत्तराखंड	3	रुद्रपुर (जिला)। उधम सिंह नगर, पिथौरागढ़, हरिद्वार
16	उत्तर प्रदेश	14	बिजनौर, कुशीनगर, सुल्तानपुर, गोंडा, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, चंदौली, बुलंदशहर, सोनभद्र, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात, कौशांबी, अमेठी
17	तमिलनाडु	11	तिरुप्पुर, नीलगिरी, रामनाथपुरम, नमक्कल, डिंडीगुल, विरुधुनगर, कृष्णागिरी, तिरुवल्लूर, नागपट्टिनम, अरियालुर, कल्लाकुरिची
18	पश्चिम बंगाल	1	जलपाईगुड़ी